दिनांक 19 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

**पावर हाउस चौक से चंद्रा मौर्य टॉकीज के समीप अंडर ब्रिज तक की गई अतिरिक्त रूप किए गए से निर्माण एवं अनधिकृत रूप से रखे गए सामग्री को हटाने की कारवाही**

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सर्विस रोड मे दुकानदारों द्वारा अपने दुकान के अतिरिक्त भी समान को बाहर रख दिया जाता है जिससे यातायात पर काफी दबाव पहुंचता है एवं आने जाने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है! विगत दिनों से सुपेला क्षेत्र के दक्षिण गंगोत्री में यातायात दुरुस्त करने के लिए यातायात बाधित करने वाले सामग्रियों को हटाते हुए कार्यवाही की शुरुआत की गई थी जिसमें सुपेला क्षेत्र के ही खटिया पारा के आसपास यातायात को प्रभावित करने वाले सर्विस रोड में रखे हुए दुकानों , ठेलो, फर्नीचर, दुकानों में छाया प्रदान करने के लिए लगाए गए अन्य प्रकार की सामग्री, खराब रखे अनुपयोगी हुए वाहन, दुकानों के बाहर बनाए गए टाइल्स एवं फ्लोरिंग आदि को हटाए जाने का कार्य किया गया था! आज पावर हाउस चौक से चंद्रा मौर्य टॉकीज अंडर ब्रिज तक यातायात को सुगम बनाने हेतु अतिरिक्त निर्माण एवं अनधिकृत रूप से रास्ते पर रखे हुए सामग्रियों को हटाने की कार्रवाई की गई जिसमें कई लोगों से जिन्होंने रोड बाधा किया हुआ था निगम की उड़नदस्ता टीम द्वारा उनसे जुर्माना वसूली भी की गई तथा एक पेट्रोल पंप से दो नग ड्रिल मशीन भी जप्त किया गया, सर्विस रोड के समीप रखे हुए वाहन , मारुति शोरूम, सुजुकी शोरूम, अरिहंत ट्रेडर्स से चलानी शुल्क भी लिया गया, मौर्य टॉकीज अंडर ब्रिज के पास संचालित पान ठेला , चाय दुकान को भी हटाया गया, साथ ही अवैध होर्डिंग्स को जप्त भी किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में यातायात विभाग के पुलिस एवं पुलिस बल भी मौजूद रहे !यातायात दुरुस्त करने के लिए निगम की जेसीबी , डंपर, कैचर विभिन्न प्रकार के वाहन का उपयोग भी आवश्यकतानुसार किया जा रहा है , इसके अलावा चलित वाहन से लाउडस्पीकर के माध्यम से रास्ते में रखे सामग्रियों को हटाने की सूचना भी दी जा रही है जिससे स्वयं ही दुकानदारों द्वारा अपने सामानों को हटा लिया जा रहा है ,जो नहीं हटा रहे हैं उन्हें निगम अपने संसाधनों से हटा रही है! सुपेला चौक के समीप सीमेंट्रीकरण कार्य करने के लिए कार्य भी प्रारंभ किया जा चुका है! आयुक्त महोदय ने यातायात व्यवस्था के अंतर्गत सभी चौक चौराहों , सर्विस रोड से अतिक्रमण/बाधा को हटाने के लिए तोड़फोड़ दल एवं उड़नदस्ता के साथ संयुक्त रूप से कार्य करने के लिए बालकृष्ण नायडू, परमेश्वर चंद्राकर, मलखान सिंह सोरी, हरचरण सिंह अरोरा, श्याम लाल मांझी, प्रकाश अग्रवाल, भाउराव वैध एवं अंजनी कुमार सिंह की नियुक्ति भी कर दी है!

आयुक्त श्री सुंदरानी ने रोड बाधा करने वालों से अपील की है कि अपने सामान स्वयं हटा ले और कार्यवाही होने से बचें क्योंकि यह मुहिम यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए की जा रही है इसमें सभी का सहयोग आवश्यक है ,यातायात में दबाव न हो , रोड एक्सीडेंट की स्थिति निर्मित न हो इसलिए आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी!

यातायात सुगम बनाने के लिए जोन 3 के अधिकारी/कर्मचारी, तोड़फोड़ दस्ता की टीम , उड़नदस्ता की टीम सहित बड़ी संख्या में निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं पुलिस बल मौजूद रहे!